भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1454**

**04 दिसंबर, 2024 के लिए प्रश्न**

**राज्यों द्वारा सीधे एफसीआई से चावल खरीदना**

**1454. श्री वी. के. श्रीकंदन:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राज्य सरकारों को खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) के अंतर्गत ई-नीलामी में भाग लिए बिना सीधे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से चावल खरीदने की अनुमति दी है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह निर्णय खरीफ मौसम के बाद खरीद से पहले अधिशेष के भारी भंडार को कम करने के लिए लिया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य पूर्व मूल्य के स्थान पर 2800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत प्रति व्यक्ति निर्धारित 5 किलोग्राम नि:शुल्क चावल की तुलना में अधिक चावल खरीद सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या जब राज्य सरकारों ने पहले इसी तरीके से अधिक चावल की मांग की थी तो इसकी अनुमति नहीं दी गई थी; और

(ड.) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क) से (ग):** जी हां, वर्ष 2024-25 के लिए मौजूदा खुला बाजार बिक्री स्कीम (घरेलू) [ओएमएसएस(डी)] के अनुसार गैर-अधिशेष वाले राज्यों की सरकारों जिन्हें अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए अतिरिक्त चावल की आवश्यकता है को ई-नीलामी में भाग लिए बिना चावल की बिक्री की अनुमति दी गई है।

ओएमएसएस (डी) का उद्देश्य बाजार में खाद्यान्न की उपलब्धता बढ़ाना और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी स्कीमों (ओडब्ल्यूएस) तथा बफर स्टॉक की आवश्यकता के अतिरिक्त खाद्यान्न की बिक्री द्वारा महंगाई की प्रवृत्ति को नियंत्रित करना है।

**(घ) से (ड.):** चावल के मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक बाजार हस्तक्षेप हेतु पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, ओएमएसएस(डी) वर्ष 2023-24 के तहत राज्य सरकारों को चावल की बिक्री दिनांक 13.06.2023 से बंद कर दी गई। तथापि, पूर्वोत्तर राज्यों, पहाड़ी राज्यों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहे राज्यों में चावल की बिक्री जारी रही थी।

*****